**कक्षा-10 हिंदी ब**

**टेस्ट पेपर-04**

**पाठ-10 बड़े भाई साहब (प्रेमचंद)**

---

**निर्देश -**

1. **सभी प्रश्न अनिवार्य है।**
2. **प्रश्न 1 से 3 एक अंक के है।**
3. **प्रश्न 4 से 8 दो अंक के है।**
4. **प्रश्न 9 से 10 पांच अंक के है।**

---

1. कहानी तथा कहानीकार का नाम लिखिए?
2. बड़े भाई ने छोटे भाई को शैतान का उदाहरण क्यों दिया?
3. शाहेरूम भीख मांगते हुए क्यों मर गया?
4. आपकी दृष्टि में बड़ा भाई क्यों पास न हो पाया?
5. बड़े भाई से किसकी मुठभेड़ हो गयी थी और उस समय छोटा भाई क्या कर रहा था?
6. छोटे भाई का आत्मविश्वास क्यों समाप्त होने लगा?
7. छोटे भाई के पास होने की ख़ुशी आधी क्यों हो गयी?
8. बड़े भाई को किस-किस बात का दुःख था?
9. बड़े भाई साहब आठवीं की महिमा कैसे गाते थे?
10. मैं उनकी इस नई युक्ति से नत मस्तक हो गया। मुझे आज सचमुच अपनी लघुता का अनुभव हुआ और भाई साहब के प्रति श्रद्धा उत्पन्न हुई |

    a.) बड़े भाई की नई युक्ति क्या थी?

    b.) छोटे भाई को अपनी लघुता का अनुभव कब और कैसे हुआ? स्पष्ट कीजिये

**कक्षा-10 हिंदी ब**

**टेस्ट पेपर-04**

**पाठ-10 बड़े भाई साहब (प्रेमचंद)**

**(आदर्श उत्तर)**

1. कहानी का नाम "बड़े भाई साहब व कहानीकार हैं मुंशी प्रेमचंद।
2. बड़े भाई ने शैतान का उदाहरण घमंड से दूर रहने की चेतावनी देने के लिए कहा | इस उदाहरण का सीधा अर्थ था कि अगर छोटा भाई घमंड के कारण पढ़ना लिखना छोड़ देगा और उसकी बात नहीं मानेगा तो उसे शैतान की ही तरह नरक के सामान कष्ट उठाना पड़ेगा।
3. शाहेरूम घमंड के कारण भीख मांगते हुए मर गया।
4. मेरी दृष्टि मैं बड़ा भाई तनाव भय और रटंत शैली के कारण फ़ैल हो गया | उसके लिए पास होना हौवा बन गया | उसके मन में डर बैठ गया था कि वह चार बार नाकामयाब हुआ था। इस कारण वह ज्ञान को तसल्ली से मन मैं बैठाने की बजाय शब्दों को रटता था। वह कोर्स का एक-एक शब्द चाट गया था परन्तु ऐसी विद्या परीक्षा में कान नहीं आती।
5. बड़े भाई की मुठभेड़ अपने छोटे भाई से हो गयी जो कि उस समय गली-गली भाग कर पतंग लूट रहा था और उन्होंने उसे डांटा की ऐसा करने वाले काफी बाज़ारू लड़के होते हैं उन जैसे इज़्ज़तदार घरों के लड़के नहीं।
6. छोटे भाई का आत्मविश्वास अपने बड़े भाई कि अकारण डाँट-फटकार सुनकर समाप्त होने लगा उसे लगा कि वह कक्षा में प्रथम आकर भी बड़े भाई को संतुष्ट नहीं कर पा रहा है। फिर अगर फेल हो गया तो क्या होगा? जब भाई ने बड़ी कक्षा कि पढ़ाई का भयंकर चित्र खिंचा तो उसका आत्मविश्वास और अधिक डगमगा गया।
7. छोटे भाई को अपने अव्वल आने की ख़ुशी थी पर वह आधी रह गयी क्योंकि उसका भाई चौथी बार फ़ैल हुआ था।
8. बड़े भाई को चौथी बार फेल हो जाने का दुःख तो था ही पर अपनी तुलना मैं छोटे भाई के अव्वल आने का भी दुःख था।
9. बड़े भाई साहब कहते हैं कि आठवीं पास करने का बहुत मूल्य है पहले लोग आठवीं पास करके नायक तहसीलदार बन जाते थे आज कितने ही मिडलचि प्रथम दर्जे के डिप्टी मजिस्ट्रेट या सुपरिन्टेन्डेन्ट हैं कितने ही आठवीं पास लीडर और संपादक बन चुके हैं बड़े -बड़े विद्वान उनके अधीन काम करते हैं।
10. (a) बड़े भाई की युक्ति थी कि उम्र और अनुभव को शिक्षा से अधिक महत्वपूर्ण मानने की | इस हिसाब से वह अपने छोटे भाई से हमेशा बड़ा बना रहेगा।

    (b) छोटे भाई को अपनी लघुता का अनुभव तब हुआ जब बड़े भाई ने अम्मा और दादा का उदाहरण दिया। अम्मा और दादा दोनों अनपढ़ थे फिर भी वे सुशिक्षित बच्चों की अच्छी देखभाल कर सकते थे। इस तर्क में छोटे भाई को एहसास हुआ कि उसका बड़ा भाई अयोग्य होते हुए भी अच्छा अभिभावक है।